सामान्य महिला से अधिक अंक के बावजूद चयन से थी वंचित, आयुर्वेद कम्पाउंडर भर्ती का मामला

ओबीसी महिला को सामान्य वर्ग में नियुक्ति का हक : हाईकोर्ट

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने आयुर्वेद कम्पाउंडर भर्ती मामले में रीवा निवासी ओबीसी महिला अभ्यर्थी संगीता पटेल को राहत देते हुए उसकी पात्रता की पुष्टि कर नियुक्ति पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने स्पष्ट किया कि सामान्य महिला वर्ग की अंतिम चयनित अभ्यर्थी से अधिक अंक प्राप्त करने वाली आरक्षित वर्ग की महिला को नियमानुसार सामान्य श्रेणी की मेरिट में स्थान पाने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता।

मध्य प्रदेश प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड ने 24 जनवरी 2013 को आयुर्वेद कम्पाउंडर भर्ती का विज्ञापन जारी किया था। रीवा के वार्ड नंबर तीन निवासी संगीता पटेल ने लिखित परीक्षा में 100 में से 51 अंक प्राप्त किए थे। उसका दावा था कि सामान्य महिला वर्ग की अंतिम चयनित अभ्यर्थी से अधिक अंक होने के बावजूद उसे चयन सूची में स्थान नहीं दिया गया। आयुष संचालनालय में प्रस्तुत उसका अभ्यावेदन 29 सितंबर 2015 को खारिज कर दिया गया था। सात अक्टूबर को हुई सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से रामनरेश उर्फ रिंकू कुशवाह बनाम मध्यप्रदेश राज्य और सौरव यादव प्रकरणों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों का हवाला



दिया गया। दलील दी गई कि निर्धारित पात्रताएं पूरी करने वाली आरक्षित वर्ग की महिला अभ्यर्थी को मेरिट के आधार पर सामान्य श्रेणी में चयन का अवसर मिलना चाहिए। भर्ती बोर्ड की ओर से कहा गया कि सभी पद भरे जा चुके हैं और कोई रिक्त पद उपलब्ध नहीं है। हालांकि, हाईकोर्ट ने मामले के तथ्यों और लागू कानूनी सिद्धांतों पर विचार करते हुए याचिकाकर्ता को राहत दी। अदालत ने संबंधित अधिकारियों को उसकी पात्रता की पुष्टि कर नियुक्ति पत्र जारी करने के निर्देश दिए। आदेश के अनुसार, नियुक्ति आदेश जारी होने की तारीख से याचिकाकर्ता की वरिष्ठता, वेतन निर्धारण और अन्य सेवा लाभ निर्धारित किए जाएंगे।

एफएसएल रिपोर्ट और जांच की कमियों पर उठे सवाल, हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

ट्विशा शर्मा डेथ केसः सीबीआई ने किया पूर्व जज गिरिबाला सिंह की जमानत का विरोध

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट में सोमवार को चर्चित ट्विशा शर्मा डेथ केस को लेकर जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की बेंच के समक्ष पूर्व जिला जज गिरिबाला सिंह की जमानत याचिका पर लंबी बहस हुई। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने भी कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि शुरुआती पोस्टमार्टम और राज्य की एसआईटी जांच में कई कमियां थीं, और इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि गिरिबाला के प्रभाव से जांच प्रभावित हुई हो। एजेंसी ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद मौके और सबूतों से छेड़छाड़ की गई तथा गिरिबाला ने जांच टीम का पूरा सहयोग नहीं किया।सभी पक्षों की विस्तृत दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई में मृतका के मोबाइल डेटा और एफएसएल रिपोर्ट का मुद्दा भी गरमाया। कोर्ट ने पूछा कि क्या घटना वाले दिन शाम को ट्विशा द्वारा अपनी मां को भेजे गए फोटो या वीडियो को वापस हासिल किया गया है? इस पर बताया गया कि ट्विशा के आईफोन की एफएसएल रिपोर्ट अभी आनी बाकी है, जिसके बाद ही मोबाइल डेटा की जांच पूरी हो सकेगी।

बचाव पक्ष ने दलील दी कि ट्विशा के पास मोबाइल, पैसे और यात्रा के लिए बुक टिकट थे, जिससे आत्महत्या ही उनका एकमात्र रास्ता होने की बात गलत साबित होती है। हालांकि, कोर्ट ने 12 मई की चैट का हवाला देते हुए सवाल उठाया कि जब ट्विशा ने माता-पिता से पैसे मांगे थे, तब उनके पास पैसे होने की दलील पर संदेह बनता है।

होटल संचालक पर फायरिंग करने वाले को पांच साल की सजा

जबलपुर। पुराना बस स्टैंड स्थित एक होटल के संचालक पर फायरिंग करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश बृजेश सिंह की अदालत ने आरोपी जबलपुर निवासी गोलू उर्फ महेश विश्वकर्मा को पांच वर्ष के कारावास और दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं, सह आरोपी अनूप केवट को दोषमुक्त कर दिया गया। अभियोजन के अनुसार, होटल संचालक अश्वनी परिया ने शिकायत दर्ज कराई थी कि दशहरे के दिन गोलू का होटल के कर्मचारी से विवाद हुआ था। इसके बाद सात अक्टूबर 2025 को शाम 4.22 बजे गोलू एक अन्य युवक के साथ दोपहिया वाहन से होटल पहुंचा। वह पिस्तौल लेकर अंदर आया और संचालक पर फायर किया, लेकिन गोली नहीं चली। इसके बाद उसने तीन और फायर किए, लेकिन संचालक को गोली नहीं लगी। वारदात के बाद दोनों मौके से भाग गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में चालान पेश किया। अपर लोक अभियोजक राजकुमार गुप्ता के तर्क सुनने के बाद अदालत ने गोलू उर्फ महेश विश्वकर्मा को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई, जबकि अनूप केवट को दोषमुक्त कर दिया।

दो हजार रुपये का अर्थदंड, सह आरोपित दोषमुक्त

चश्मदीद गवाहों ने अभियोजन का नहीं किया समर्थन, चाकू की जप्ती और साक्ष्यों पर भी उठे संदेह, अदालत ने दिया संदेह का लाभ

चाकू से हमले के मामले में विनय बर्मन उर्फ भल्लू दोषमुक्त

जबलपुर। चाकू से हमला करने, गाली-गलौज और आयुध अधिनियम से जुड़े मामले में तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. (श्रीमती) आरती शुक्ला पाण्डेय की अदालत ने आरोपी विनय बर्मन उर्फ भल्लू को दोषमुक्त कर दिया है। न्यायालय ने प्रकरण में प्रस्तुत साक्ष्यों का समग्र मूल्यांकन करने के बाद पाया कि अभियोजन पक्ष आरोपी के विरुद्ध लगाए गए आरोपों को संदेह से परे प्रमाणित करने में सफल नहीं रहा।

चश्मदीद गवाहों के बयानों से कमजोर पड़ा अभियोजन

प्रकरण की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत कथित चश्मदीद गवाहों ने आरोपों का समर्थन नहीं किया। वहीं, मामले में प्रस्तुत साक्ष्यों और चाकू की जप्ती को लेकर भी संदेह की स्थिति सामने आई। इन परिस्थितियों में अभियोजन का पक्ष आरोपों को निर्णायक रूप से साबित नहीं कर सका। न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के बयानों का परीक्षण करते हुए आपराधिक न्याय के स्थापित सिद्धांतों के अनुरूप निर्णय सुनाया। अदालत ने माना कि केवल आरोपों के आधार पर किसी व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता, बल्कि अभियोजन को आरोपों की पुष्टि ठोस साक्ष्यों के आधार पर संदेह से परे करनी होती है।

संदेह का लाभ देकर सुनाया फैसला

अभियोजन द्वारा आरोप प्रमाणित नहीं कर पाने के चलते न्यायालय ने आरोपी विनय बर्मन उर्फ भल्लू को भारतीय न्याय संहिता की धारा 296 एवं 109 तथा आयुध अधिनियम की धारा 25(1-**B**)(**B**) के तहत लगाए गए आरोपों से दोषमुक्त करने का आदेश पारित किया। प्रकरण में आरोपी की ओर से अधिवक्ता अपूर्व त्रिवेदी ने पैरवी की। न्यायालय के इस निर्णय में साक्ष्यों की विश्वसनीयता और आरोपों को संदेह से परे साबित करने की आवश्यकता को महत्वपूर्ण आधार माना गया।

पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगा

पुलिस चौकी पर पेट्रोल बम फेंकने वाले को 4 साल की सजा

जबलपुर। जिला अदालत ने गोरखपुर थाना क्षेत्र स्थित रामपुर मांडवा पुलिस चौकी पर पेट्रोल बम फेंकने के मामले में आरोपी जबलपुर निवासी परवेज अखार उर्फ नावेद अंसारी को दोषी करार देते हुए चार साल के कारावास की सजा सुनाई । कोर्ट ने उसे पांच हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अपर सत्र न्यायाधीश अनिल चौहान की अदालत ने प्रकरण में सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया। अभियोजन के अनुसार, 18 अप्रैल 2023 की रात करीब दो बजे आरोपी ने अपने तीन अन्य नाबालिग साथियों के साथ मिलकर मांडवा स्थित पुलिस चौकी पर पेट्रोल बम फेंके थे। इस घटना में पुलिस चौकी को आर्थिक क्षति पहुंची थी। घटना के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर चारों आरोपियों को हिरासत में लिया था। इनमें शामिल तीन अपचारी बालकों के विरुद्ध किशोर न्याय बोर्ड में मामला विचाराधीन है। वहीं, वयस्क आरोपी परवेज अखार उर्फ नावेद अंसारी के विरुद्ध अदालत में विचारण पूरा हुआ। सुनवाई के बाद अदालत ने उसे दोषी पाते हुए चार साल के कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

डिस्टिंक्शन वाली छात्रा को अंग्रेजी में मिले सिर्फ 39 अंक, हाईकोर्ट सख्त

माशिमं से मूल्यांकनकर्ता का स्पष्टीकरण लेकर रिपोर्ट तलब

जबलपुर। दसवीं की परीक्षा में सभी विषयों में डिस्टिंक्शन हासिल करने वाली छात्रा को अंग्रेजी में महज 39 अंक देने के मामले में हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने उत्तरपुस्तिका के दो स्वतंत्र मूल्यांकनों में 49 और 69 अंक दिए जाने की सिफारिश सामने आने पर माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) को संबंधित मूल्यांकनकर्ता से स्पष्टीकरण लेकर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई पांच नवंबर को होगी। जबलपुर जिले के सिहोरा निवासी गौरवी गर्ग ने वर्ष 2023 में दसवीं की परीक्षा दी थी। अन्य विषयों में डिस्टिंक्शन प्राप्त करने के बावजूद अंग्रेजी में उसे केवल 39 अंक मिले। पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने पर भी अंकों में बदलाव नहीं हुआ। इसके बाद छात्रा ने उत्तरपुस्तिका प्राप्त कर हाई कोर्ट में चुनौती दी। याचिका में आरोप लगाया गया कि कई प्रश्नों के सही उत्तर लिखने के बावजूद शून्य अंक दिए गए। आठ अक्टूबर 2026 को हुई पिछली सुनवाई में अदालत ने छात्रा की उत्तरपुस्तिका का टापर्स की कापियों से मिलान किया था। उपलब्ध विवरण के अनुसार, छात्रा के कई उत्तर टापर्स के उत्तरों से मिलते-जुलते या बेहतर होने के बावजूद कुछ प्रश्नों में शून्य अंक दिए गए थे। इसके बाद अदालत ने उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन दो स्वतंत्र परीक्षकों से कराने के निर्देश दिए।स्वतंत्र परीक्षकों की रिपोर्ट में पहले परीक्षक ने 39 के स्थान पर 49 अंक और दूसरे ने 69 अंक दिए जाने की सिफारिश की। यानी मूल मूल्यांकन की तुलना में क्रमशः 10 और 30 अंक अधिक मिले। कोर्ट ने इन रिपोर्टों के आधार पर मूल्यांकन में गंभीर विसंगति पर सवाल उठाए। दलील दी गई कि घोर लापरवाही या दुर्भावना जैसे आधार सामने आए बिना केवल मूल्यांकन संबंधी मतभेद पर पुनर्मूल्यांकन का आदेश नहीं दिया जा सकता। हालांकि, मौजूदा मामले में उत्तरपुस्तिका और स्वतंत्र परीक्षकों की रिपोर्ट के मद्देनजर अदालत ने सही उत्तरों पर शून्य अंक दिए जाने को गंभीरता से लिया। कोर्ट ने घोर लापरवाही या बाहरी पूर्वाग्रह की आशंका पर सवाल उठाते हुए संबंधित मूल्यांकनकर्ता का स्पष्टीकरण मांगा है।

मातृशक्ति का अभ्युदय पथ संचलन



जबलपुर। केशव नगर नर्मदा भाग की मातृशक्तियों द्वारा सोमवार, 26 अक्टूबर को अभ्युदय पथ संचलन निकाला गया। श्रीमति स्वपना गुप्ता के मुख्यातिथ्य और श्रीमति करुणा क्षत्रिय व प्राची गुप्ता की उपस्थिति में पथ संचलन दोपहर 3:30 बजे अंजुमन इस्लामिया स्कूल से प्रारंभ हुआ। पथ संचलन बगलामुखी मंदिर, सिविक सेंटर, गुजराती भवन, नौदरा पुल, भंवरताल, बस स्टैंड, तीन पत्ती और मालवीय चौक से होते हुए पुनः अंजुमन इस्लामिया स्कूल पहुंचकर संपन्न हुआ।

50 दिन से अधिक लंबित शिकायतों को प्राथमिकता

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में देरी न करें: कलेक्टर

जबलपुर। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने सीएम हेल्पलाइन में लंबे समय से लंबित शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। सोमवार सुबह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में स्वामित्व योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्वामित्व योजना के तहत प्रत्येक तहसील में एक हजार रजिस्ट्रियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्धारित लक्ष्य हासिल करने के साथ लंबित शिकायतों के निराकरण पर भी विशेष ध्यान दें। बैठक में अपर कलेक्टर नीता राठौर, रविशंकर राय, शैलेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह और सभी एसडीएम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

युवक ने फांसी लगाई

जबलपुर। बरगी थाना अतंर्गत आंगनबाड़ी की पास मढ़िया में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बरगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ब बढ़ैयाखेड़ा निवासी 22 वर्षीय आकाश मरावी के पिता झाड़ूलाल मरावी मजदूरी करने के लिए दो माह से घर से बाहर थे घर पर आकाश मरावी अपनी गर्भवती पत्नी सुमन मरावी के साथ रहता था। गत रात लगभग 8 बजे आकाश मरावी ने आंगनबाड़ी के पास मढ़िया में मलगा से चुन्नी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही मृतक का चाचा विसराम मरावी मौके पर पहुंचा, जहां आकाश मरावी फांसी पर लटका मिला, जिसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

अधिकारी रोजाना करे निरीक्षण

धान खरीदी में पुरानी गड़बड़ियों की पुनरावृत्ति रोकने सख्त निर्देश

जबलपुर। जिले में आगामी धान उपार्जन के दौरान पिछली अनियमितताओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने उपार्जन समिति की बैठक में खरीदी केंद्रों के भौतिक सत्यापन, रिकॉर्ड की जांच और अधिकारियों के नियमित मैदानी निरीक्षण पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के साथ वास्तविक किसानों के हितों की रक्षा करना प्राथमिकता है।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रस्तावित खरीदी केंद्रों के चयन से पहले संबंधित समितियों के पुराने रिकॉर्ड और कार्यप्रणाली की समीक्षा की जाए। जिन केंद्रों पर पहले अनियमितताएं सामने आ चुकी हैं, वहां विशेष निगरानी रखी जाए। पटवारी, सचिव और ब्लॉक व जिला स्तर के अधिकारी प्रतिदिन केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति जांचें। मंडियों में आने वाली धान की मात्रा और खरीदी केंद्रों के रिकॉर्ड का मिलान भी किया जाए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर अभिषेक सिंह, ऋषभ जैन, नीता कोरी सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।



शॉर्टफॉल प्रकरण में जिम्मेदारी तय करने के निर्देश

पिछले वर्ष धान खरीदी में सामने आई अनाज की कमी के मामले की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संदिग्ध ऑनलाइन प्रविष्टियों, वास्तविक खरीदी, किसानों के भुगतान और गोदामों में उपलब्ध अनाज के रिकॉर्ड का मिलान करने को कहा। उन्होंने प्रकरण के निराकरण में देरी पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि केवल प्राथमिकी दर्ज कराने या शपथपत्र लेने से जिम्मेदारी पूरी नहीं होती। अनाज की कमी, आर्थिक नुकसान और संभावित वसूली की कार्ययोजना सहित विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। साथ ही पात्र किसानों के मामलों का प्राथमिकता से सत्यापन कर लंबित भुगतान का नियमानुसार निराकरण किया जाए।

विसर्जन जुलूस में शराब पीकर नाचने से मना करने पर चाकू से वार

जबलपुर। केंट थाना अतंर्गत मछली मार्केट के सामने पासी चौक सदर में प्रतिमा विसर्जन में शराब पीकर नाचने से मना करने की बात पर तीन बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। केंट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नई बस्ती कजरवारा निवासी 28 वर्षीय अमन चौधरी गत दिवस दुर्गा जी की प्रतिमा विसर्जन के लिये कजरवारा से गौरीघाट ले जा रहे थे रात लगभग 1.15 बजे जैसे ही मछली मार्केट के सामने पासी चौक सदर पहुंचे तभी वहां पर शनि बघेल, गौरव यादव, अंशु झारिया शराब पीकर विसर्जन जुलूस में नाचने लगे, उसने उन्हें नाचने से मना किया तो इसी बात पर तीनों उसके साथ गाली गलोज करने लगे। अंशु झारिया एवं गौरव यादव ने मारपीट की और शनि बघेल ने चाकू से हमलाकर घायल कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 115(2), 118(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

दिल्ली से आएगा विशेषज्ञों का दल, भवन से लेकर ऑपरेशन थिएटर और संक्रमण नियंत्रण तक की होगी जांच

सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में 31 अक्टूबर से एनएबीएच का फाइनल निरीक्षण, 3 दिन परखी जाएंगी स्वास्थ्य सेवाएं

जबलपुर। नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में राष्ट्रीय गुणवत्ता मान्यता हासिल करने की प्रक्रिया निर्णायक चरण में पहुंच गई है। अस्पताल में 31 अक्टूबर से राष्ट्रीय अस्पताल एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाता प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएच) की मान्यता के लिए अंतिम निरीक्षण शुरू होगा। दिल्ली से आने वाला विशेषज्ञों का दल तीन दिन तक अस्पताल की व्यवस्थाओं, चिकित्सा सुविधाओं और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का बारीकी से मूल्यांकन करेगा। इससे पहले दो निरीक्षण पूरे हो चुके हैं।



अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. अवधेश सिंह कुशवाहा के अनुसार, राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता मान्यता प्राप्त करने के लिए सभी प्रशासनिक और चिकित्सकीय तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। निरीक्षण में अस्पताल की व्यवस्थाओं को निर्धारित मानकों पर परखा जाएगा। इस मान्यता का उद्देश्य मरीजों को सुरक्षित, व्यवस्थित और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने की व्यवस्था को मजबूत करना है।

भवन से लेकर चिकित्सा उपकरणों तक की होगी पड़ताल

विशेषज्ञों का दल अस्पताल के बुनियादी ढांचे, भवन निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था और विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली का निरीक्षण करेगा। डॉक्टरों की रोस्टर के अनुसार तैनाती, नर्सिंग स्टाफ और पैरामेडिकल कर्मचारियों की शैक्षणिक योग्यता तथा उनके कार्य निष्पादन का मूल्यांकन भी किया जाएगा। इसके अलावा पैथोलॉजी लैब, ऑपरेशन थिएटर, लेबर रूम और आपातकालीन वार्ड में उपलब्ध जीवनरक्षक उपकरणों की कार्यक्षमता जांची जाएगी। अस्पताल में साफ-सफाई, संक्रमण नियंत्रण, चिकित्सा मशीनों के रखरखाव और नियमित सर्विसिंग की व्यवस्था भी निरीक्षण के दायरे में रहेगी।

मरीजों के रिकॉर्ड और दवा प्रबंधन पर भी नजर

निरीक्षण के दौरान मरीजों के पर्चे, उपचार का विवरण, जांच रिपोर्ट, दवाओं के सुरक्षित भंडारण और आवश्यक दस्तावेजों के संधारण की व्यवस्था का तकनीकी सत्यापन किया जाएगा। अस्पताल प्रबंधन की कोशिश है कि सभी विभाग निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप काम करें और निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं में किसी तरह की कमी सामने न आए।

मान्यता मिलने पर मजबूत होगी गुणवत्ता व्यवस्था

एनएबीएच की मान्यता मिलने से अस्पताल की गुणवत्ता व्यवस्था और संस्थागत विश्वसनीयता को मजबूती मिलने की उम्मीद है। इससे उपचार प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, मरीजों की सुरक्षा, संक्रमण नियंत्रण और शिकायतों के निराकरण की व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। हालांकि, इस मान्यता का अर्थ यह नहीं है कि अस्पताल में सभी उपचार स्वतः निःशुल्क हो जाएंगे या प्रत्येक सुविधा की बिना शर्त गारंटी मिल जाएगी। इसका प्रमुख उद्देश्य निर्धारित मानकों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। अब 31 अक्टूबर से शुरू होने वाले अंतिम निरीक्षण के परिणाम पर अस्पताल की राष्ट्रीय गुणवत्ता मान्यता की दिशा में आगे की स्थिति निर्भर करेगी।

आचार्य श्री विद्यासागर की जन्म जयंती पर सिहोरा खितौला में हुए अनेक कार्यक्रम

सिहोरा। आचार्य श्री विद्यासागर जी की जन्म जयंती पर सिहोरा खितौला के जैन समाज द्वारा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें समाज के सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आचार्य श्री 108 विद्या सागर के जन्म जयंती महोत्सव,आचार्य श्री 108 समयसागर महाराज के अवतरण दिवस,निर्यापक श्रवण मुनि श्री 108 प्रसाद सागर महाराज का 30 वां दीक्षा दिवस,गणिनी प्रमुख आर्यिका रत्न 105 ज्ञानमती माता के अवतरण दिवस पर सकल दिगम्बर जैन समाज सिहोरा द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सकल जैन समाज सिहोरा के अध्यक्ष सन्मति जैन ने बताया जन्म जयंती पर जैन मंदिर से प्रातः 7 बजे कालभैरव चौक,झंडा बाजार,आजाद चौक,गौरी तिराहा,बस स्टेंड,मैना कुआं से होकर शोभायात्रा निकाली गई।इसके बाद श्री जी का अभिषेक पूजन एंव आचार्य श्री का पूजन किया गया। शोभायात्रा में समाज के महिला,पुरुष,बच्चे, युवक, युवतियां शामिल हुई।





खितौला जैन समाज ने किया आयोजन

आचार्य श्री विद्यासागर जी का 81 वां जन्मोत्सव खितौला जैन समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया चातुर्मास के अवसर पर विराजमान आर्यिका 108 सूत्र मति माताजी संघ के कुशल मार्गदर्शन व आशीर्वाद से जन्मोत्सव की पूर्व बेला परसंगीतमय छत्तीस विधान के आयोजन के साथ 36 मंडलों के पुर्याजक परिवारों द्वारा बुंदेली भाषा में पूजा कर विधान के 36 अध्य समर्पित करने के साथ बालिका संस्कार आयोजन विधि के लिए खितौला,सिहोरा,बहोरीबंद,कछारगांव,गोसलपुरकी लगभग 80 बालिकाओं को आर्यिका सूत्र मति माताजी द्वारा शास्त्रों में वर्णित संस्कारों के माध्यम से संस्कारित किया गया। विधान का संचालन शुभम जैन जबलपुर द्वारा किया गया।बालिका मंडल के द्वारा नृत्य नाटिका का मनोहारी दृश्य प्रदर्शित किया गया। जबलपुर से पधारी ब्रह्मचारी दीदी द्वारा आचार्य श्री के जीवन से संबंधित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विधायक संतोष बरकडे,अनुपम सराफ ,श्रीमती रजनी जैन,नीरज जैन,कछार गांव सरपंच कैलाश चंद जैन,शैलेष जैन भी उपस्थित थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज जैन,दिलीप जैन,मुकेश सिंघई,राकेश सिंघई,रविंद्र जैन,मयंक जैन,सानू जैन,शैंकी जैन,जिनेंद्र जैन का,प्रकाश जैन,अमन जैन,अंकुर जैन,महेंद्र जैन, श्वेतांक जैन,रोहित राहुल सिंघई,पारस जैन,संदीप जैन,रूपेश जैन,विनोद जैन नवयुग मंडल एवं महिला मंडल का सराहनीय योगदान रहा।

गुरु उपकार महोत्सव में गुरु महिमा का किया गया गुणगान

जबलपुर। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बोर्डिंग मंदिर, गोलबाजार में आचार्यश्री विद्यासागर महाराज एवं आचार्यश्री समयसागर महाराज का अवतरण दिवस 'गुरु उपकार महोत्सव' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मुनिश्री प्रबुद्धसागर महाराज का 30वां दीक्षा दिवस भी मनाया गया। मुनिश्री प्रबुद्धसागर महाराज ने उद्बोधन में कहा कि गुरु पददलित मिट्टी को कुंभ का रूप दे देते हैं। गुरु ज्ञानसागर महाराज ने 22 वर्षीय नवयुवक विद्याधर को दीक्षा देकर दिगंबर आम्नाय को आचार्य विद्यासागर जैसे रत्न प्रदान किए। इस अवसर पर आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक भक्त प्रोफेसर राजेश मिश्रा का सम्मान किया गया। उन्होंने कहा, "गुरु कभी अतीत नहीं होता, गुरु कभी व्यतीत नहीं होता, गुरु सदैव वर्तमान होता है।" कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीजी के अभिषेक से हुआ। सुबोध कामरेड एवं जयंती सिंघई ने मुनिश्री को शास्त्र भेंट किया। छोटेलाल जैन, अमय जैन, प्रदीप (लक्ष्मी) रायसेठ, चंद्रकुमार एवं शैलेश आदिनाथ को पाद प्रक्षालन का सौभाग्य मिला। आदिनाथ समिति, महावीर पूजन समिति और जैन युवा महासंघ के सदस्यों ने अर्घ्य समर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन बा.ब्र. रवींद्र भैयाजी, अमित पडरिया एवं गायिका साधना जैन ने किया। इस अवसर पर डी.एन. बोर्डिंग हाउस सोसायटी के अध्यक्ष सत्येंद्र जैन 'जुग्गु', सचिव संजय सिंघई (आर.व्ही.) तथा ट्रस्टी आनंद सिंघई, समीर सिंघई, पंकज सिंघई एवं प्रभात जैन उपस्थित रहे।



पमरे में सतर्कता सप्ताह शुरू, दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल में 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' है। सोमवार को मुख्यालय में महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईमानदारी, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार उन्मूलन की शपथ दिलाई। महाप्रबंधक ने रेलकर्मियों से कार्यों में सत्यनिष्ठा अपनाने, भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता रखने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक एकनाथ मोहकर, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी नीरज कुमार सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह का संचालन उप मुख्य सतर्कता अधिकारी अनिल कुमार तिवारी ने किया। इसी क्रम में जबलपुर, भोपाल और कोटा मंडलों में भी सतर्कता की शपथ दिलाई गई। सप्ताह के दौरान सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेह कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।



वीरांत विद्या शिक्षण शिविर के समापन पर प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

जबलपुर। मुनि सेवा संघ जबलपुर के तत्वावधान में 15 से 24 अक्टूबर 2026 तक आयोजित वीरांत विद्या शिक्षण शिविर का समापन 25 अक्टूबर को हुआ। इस अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इसके पश्चात लाखा भवन में आयोजित समारोह में नौ विषयों की परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले श्रावकों को आटा चक्की, ओटीजी, मिक्सी एवं ब्रीफकेस सहित आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं, सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप दीपक भेंट किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जीएसटी कमिश्नर श्रीमती आभा जैन एवं उनके पति सत्येंद्र जैन ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। समारोह में आनंद सिंघई, अरविंद जैन चांवल, राजेश जैन किराना, अरविंद जैन राजा एवं दीना जैन लोहा की उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ी। शिविर के माध्यम से श्रावकों को धार्मिक शिक्षा एवं ज्ञानार्जन का अवसर मिला।

महापौर कप स्टेट कबड्डी में भोपाल का परचम

फाइनल में उज्जैन को हराकर जीती ट्रॉफी, मेजबान जबलपुर क्वार्टर फाइनल में बाहर

जबलपुर। महापौर कप सीनियर स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप में भोपाल जोन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। मध्यप्रदेश कबड्डी संघ के संचालन एवं जबलपुर कॉर्पोरेशन कबड्डी संघ के आयोजन में स्थानीय एमएलबी मैदान पर खेले गए फाइनल में भोपाल ने उज्जैन जोन को हराकर ट्रॉफी जीती। वहीं, मेजबान जबलपुर की चुनौती क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गई। सेमीफाइनल में भोपाल ने सिवनी जोन को 38-30 से हराया, जबकि उज्जैन ने बड़ा उलटफेर करते हुए प्रबल दावेदार इंदौर जोन-1 को 40-28 से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। खिताबी मुकाबले में उज्जैन ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन भोपाल के रेडर्स और डिफेंस ने निर्णायक क्षणों में बेहतर प्रदर्शन कर जीत सुनिश्चित की। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू तथा विशिष्ट अतिथि जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष संदीप जैन, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज और संतोष सिंह राजपूत उपस्थित रहे। विजेता भोपाल और उपविजेता उज्जैन को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। मप्र कबड्डी संघ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह और जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष डॉ. अमित साहू ने अतिथियों का स्वागत किया। निर्णायक एवं तकनीकी अधिकारी के रूप में शानू यादव, अरुण राजपूत, पुष्पेंद्र पांडे, अंकित यादव और मधुर विश्वकर्मा ने जिम्मेदारी निभाई। आभार मप्र कबड्डी संघ के सचिव जे.सी. शर्मा ने व्यक्त किया। चैंपियनशिप के आधार पर प्रदेश की सीनियर टीम का चयन किया जाएगा। चयन समिति में एम.आर. शर्मा, मंगल सिंह, प्रदीप राइन, मनीष रजक और नंद किशोर शामिल हैं।



45 पैसे में मिलेगा 10 लाख का रेल यात्रा बीमा

27 अक्टूबर से आरक्षण काउंटरों पर भी मिलेगी सुविधा

जबलपुर। भारतीय रेल 27 अक्टूबर से आरक्षण काउंटरों से टिकट लेने वाले यात्रियों के लिए भी वैकल्पिक यात्रा बीमा योजना शुरू कर रही है। अब तक यह सुविधा IRCTC से ई-टिकट बुक करने वाले पात्र यात्रियों को मिलती थी।योजना के तहत मात्र 45 पैसे प्रति यात्री के प्रीमियम पर दुर्घटना में मृत्यु या स्थायी पूर्ण दिव्यांगता की स्थिति में 10 लाख रुपये तक का बीमा कवर मिलेगा। स्थायी आंशिक दिव्यांगता पर 7.50 लाख रुपये, अस्पताल में उपचार के लिए 2 लाख रुपये और पार्थिव शरीर के परिवहन के लिए 10 हजार रुपये तक का लाभ निर्धारित शर्तों के अनुसार मिलेगा।यह सुविधा कन्फर्म, आरएसी और आंशिक कन्फर्म आरक्षित टिकटों पर लागू होगी। सामान्य एवं अनारक्षित टिकट इसके दायरे में नहीं आएंगे। योजना पूरी तरह वैकल्पिक है। इसका लाभ लेने के लिए वैध मोबाइल नंबर और डिजिटल भुगतान जरूरी होगा। पॉलिसी का विवरण मोबाइल पर भेजा जाएगा तथा यात्री बीमा कंपनी के पोर्टल पर नॉमिनी का विवरण दर्ज कर सकेंगे। पश्चिम मध्य रेल ने यात्रियों से इस सुविधा की जानकारी लेकर इच्छानुसार लाभ उठाने की अपील की है।

जबलपुर का नाम 'ओशोपुरम' करने की मांग तेज

जबलपुर। संस्कारधानी जबलपुर का नाम 'ओशोपुरम' करने की मांग ओशो अनुयायियों ने उठाई है। ओशो होम आश्रम के स्वामी श्रीला प्रेम पारस का कहना है कि आचार्य रजनीश (ओशो) ने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय जबलपुर में बिताया। शहर से उनकी अनेक अनमोल स्मृतियां जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि ओशो जैसा ब्रांड एंबेसडर अगले 100 वर्षों तक शहर को नहीं मिल सकता। ओशो के करीबी रहे स्वामी अगेह भारती ने कहा कि जबलपुर का नाम ओशोपुरम होने से इसे काशी, वृंदावन और अयोध्या जैसी आध्यात्मिक पहचान मिल सकती है। इससे पर्यटन बढ़ने और शहर की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा में वृद्धि की उम्मीद है। देवताल, भंवरताल और महाकौशल कॉलेज सहित कई स्थानों पर ओशो की स्मृतियां मौजूद हैं। ओशो होम आश्रम में भी देश-विदेश से अनुयायी पहुंचते हैं। समर्थकों का मानना है कि नाम परिवर्तन से जबलपुर को विश्वस्तर पर नई पहचान मिल सकती है।

वाल्मीकि जयंती पर भाजपा ने किया पुष्पांजलि अर्पण

जबलपुर। महर्षि वाल्मीकि जयंती पर भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा रानीताल स्थित संभागीय कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, प्रदेश प्रवक्ता वाणी अहलूवालिया, स्वाति गोडबोले, निगम अध्यक्ष रिकुंज बिज, महामंत्री पंकज दुबे एवं अमित सोनू बचवानी सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे। रत्नेश सोनकर ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि आदिकवि हैं। उन्होंने रामायण की रचना कर भारतीय संस्कृति, आदर्श जीवन और मानवीय मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाया। उनकी शिक्षाएं सत्य, न्याय, समानता और सामाजिक समरसता का संदेश देती हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर अभय सिंह ठाकुर, रजनीश यादव, शंकर श्रीवास्तव, अंजू भार्गव, शरद अग्रवाल, संकल्प पाठक, रीना राय, विवेक अग्रवाल, योगेश बिलोहा, कमलेश नामदेव, कुसुम चौबे, रवि शर्मा, नरेश चौधरी, दिव्या बाजपेई, सुंदर अग्रवाल, अनिल सिंह, मोनू चौहान, राजेश रोहरा, राहुल तिवारी, दशरथ पटेल एवं जागेश समुन्द्रे सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



नर्मदा स्वर्ण कलश की 108 परिक्रमाएं, 24 नवंबर को होगा महाकुंभ

जबलपुर। नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के तहत शरद पूर्णिमा पर नर्मदा स्वर्ण कलश सहित भगवान राधा-कृष्ण, लड्डू गोपाल एवं तुलसी मैया की 108 परिक्रमाएं संकीर्तन के साथ की गईं। पंचकोशी संयोजक श्याम मनोहर पटेल ने बताया कि 24 नवंबर को भेड़ाघाट स्थित हरे कृष्णा आश्रम में संतों एवं शहीद परिवारों की उपस्थिति में नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा महाकुंभ आयोजित होगा। महाकुंभ के आयोजन को लेकर आज सिविक सेंटर स्थित बगलामुखी मंदिर में ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज के सानिध्य में सुबह 11 बजे पत्रक पूजन किया जाएगा। परिक्रमा में बल्लू महाराज, संकीर्तनाचार्य सुरेश विश्वकर्मा, अध्यक्ष दुर्गा पटेल एवं नर्मदा चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष विनोद दीवान का सानिध्य रहा। इस अवसर पर डॉ. सुधीर अग्रवाल, श्रीमती सुषमा शंकर पटेल, मनोज गुलाबबानी, विनोद विश्वकर्मा, शिव कुमार पटेल, छन्नू राम पटेल, लालजी पटेल, कैलाश विश्वकर्मा, गुड्डू नेता एवं शिव प्रताप सिंह सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।





बाल भारती हैकाथॉन 3.0 में कुशाग्र नीखरा ने बढ़ाया मान

जबलपुर। बाल भारती पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी ने राष्ट्रीय स्तर की बाल भारती हैकाथॉन 3.0 प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया। चाइल्ड एजुकेशन सोसाइटी द्वारा आयोजित तथा BBPS द्वारका, नई दिल्ली के आतिथ्य में हुई प्रतियोगिता में देशभर के 28 बाल भारती विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने नवाचार, तकनीकी दक्षता और रचनात्मक सोच का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कुशाग्र नीखरा ने मुख्य ध्वजवाहक की भूमिका निभाई। वे वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिवकुमार नीखरा के सुपौत्र तथा कीर्ति एवं केशव नीखरा के पुत्र हैं। कुशाग्र ने प्रियंका यादव से मार्गदर्शन प्राप्त किया। विद्यालय की इस उपलब्धि से विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों में उत्साह है।

रेलवे भर्ती की शारीरिक परीक्षा में 1939 अभ्यर्थी उत्तीर्ण

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल के रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ द्वारा रेलवे स्टेडियम, जबलपुर में 23 से 26 अक्टूबर तक आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) सफलतापूर्वक संपन्न हुई। केंद्रीयकृत रोजगार अधिसूचना सीईएन-08/2024 (लेवल-1) के तहत आयोजित परीक्षा में 1939 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। परीक्षा के लिए कुल 3383 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से रिजर्व डे सहित 2261 उपस्थित हुए। इनमें 254 महिलाएं शामिल थीं। कुल सफल अभ्यर्थियों में 125 महिलाएं हैं। उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन और चिकित्सा परीक्षण के बाद पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडलों तथा भोपाल और कोटा स्थित कारखानों में संरक्षा श्रेणी के 1614 रिक्त पद भरे जाएंगे।

ठक्कर ग्राम में आज होगा सामुदायिक भवन का भूमि पूजन

जबलपुर। ठक्कर ग्राम के किलकारी मैदान में मंगलवार दोपहर 3 बजे सामुदायिक भवन (बारात घर) का भूमि पूजन होगा। पार्षद गुलाम हुसैन के प्रयासों से बनने वाले इस भवन पर लगभग एक करोड़ रुपये खर्च होंगे। दो मंजिला भवन 10 हजार वर्गफुट क्षेत्र में आठ माह में तैयार होगा, जिसमें तीन हजार लोगों के शामिल होने की क्षमता होगी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, विधायक लखन धनधोरिया और महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता पार्षद गुलाम हुसैन करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में हाजी कदीर सोनी, हाजी गुलाम मोहम्मद भूरे पहलवान, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा तथा विभिन्न समाजों के सरदार हामिद हुसैन, हकीम बाबा, हाजी मुईन खान, आमिन कुरैशी और अयाज राईन शामिल हैं। भवन का निर्माण सांसद निधि, विधायक निधि और पार्षद निधि से किया जाएगा। इसका उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को सामाजिक, शैक्षणिक एवं साहित्यिक कार्यक्रमों तथा वैवाहिक आयोजनों के लिए सुविधा उपलब्ध कराना है। ठक्कर ग्राम वार्ड विकास समिति और टीम फॉर गुलाम हुसैन ने नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।



1 नवंबर को दौड़ेगा जबलपुर रयान मिनिथॉन का आयोजन

जबलपुर। रयान स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में सेंट जेवियर्स एवं रयान इंटरनेशनल स्कूल, शांतिनगर द्वारा 27वां रयान मिनिथॉन 2026 रविवार, 1 नवंबर को सुबह 6:30 बजे शिवाजी ग्राउंड में आयोजित होगा। इसमें 12 से 18 वर्ष के बालक-बालिकाएं भाग लेंगे। आयोजकों के अनुसार, अब तक रयान मिनिथॉन की 228 रेस आयोजित हो चुकी हैं। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में फिटनेस, अनुशासन और खेल भावना विकसित करने के साथ उन्हें मोबाइल के बढ़ते उपयोग से दूर कर स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। रयान समूह के चेयरमैन डॉ. ए.एफ. पिंटो एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती ग्रेस पिंटो का मार्गदर्शन प्राप्त इस आयोजन में शहर के सभी विद्यालयों को आमंत्रित किया गया है। इच्छुक विद्यार्थी 29 अक्टूबर तक पंजीकरण करा सकते हैं।



पशुपालन कर्मचारी कल्याण समिति का संभागीय सम्मेलन आयोजित

जबलपुर। पशुपालन एवं डेयरी विभाग की तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कल्याण समिति का संभागीय सम्मेलन आयोजित किया गया। दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुए सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न संभागों के पदाधिकारी शामिल हुए। आयोजन का उद्देश्य कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा, एकजुटता और अधिकारों के लिए संघर्ष की रणनीति तैयार करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपसंचालक डॉ. ज्योति तिवारी, डॉ. राखी वैश्य, अरविंद यादव, डॉ. मनोज वैश्य, डॉ. एल.एस. बघेल, प्रांत अध्यक्ष सचिन शर्मा, प्रांतीय संयोजक रामेंद्र कुशवाह, प्रांतीय सचिव विनय कुमार मेहरा एवं संभागीय अध्यक्ष सोमनाथ सोनी उपस्थित रहे। समिति के मुख्य सलाहकार आर.के. बघेल और धर्मेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। मध्यप्रदेश शासकीय लिपिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी ने कर्मचारी एकता की सराहना करते हुए वेतन विसंगतियों और सीपीसीटी सहित अन्य मुद्दों पर संघ की गतिविधियों की जानकारी दी।

पमरे सतर्कता बुलेटिन के 31वें अंक का हुआ विमोचन



जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत सोमवार को महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर सतर्कता बुलेटिन के 31वें अंक का विमोचन किया गया। सप्ताह की थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' है। महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग, कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और निर्धारित समय-सीमा में कार्यों का निष्पादन जरूरी है। वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी नीरज कुमार ने कर्तव्यों के प्रति सत्यनिष्ठ रहने और भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। संगोष्ठी में वरिष्ठ रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। उप मुख्य सतर्कता अधिकारी धनराज सिंह और सौरव कुमार ने पावरपॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से सतर्कता संबंधी जानकारी साझा की। कार्यक्रम का संचालन उप मुख्य सतर्कता अधिकारी अनिल कुमार तिवारी ने किया। पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडलों में 1 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।



गौरैया घाट शिव मंदिर की महाआरती में उमड़े श्रद्धालु

जबलपुर। गौरैया घाट स्थित गौर नदी के पास शिव मंदिर में कार्तिक मास के पहले सोमवार को भगवान शिव की महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भगवान शिव की आरती की। मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा। आयोजकों के अनुसार, अब प्रत्येक सोमवार को मंदिर में महाआरती का आयोजन किया जाएगा। आरती के बाद भगवान शिव को खीर का भोग लगाया गया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पूजा-अर्चना की और धर्मलाभ प्राप्त किया।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि खसरा नंबर 138/2 रकबा 0.02 हेक्टेयर (200 वर्गमीटर) एवं खसरा नंबर 139/2 रकबा 0.03 हेक्टेयर (300 वर्गमीटर) तथा इस पर निर्मित बिल्डिंग / संपत्ति जिसका नाम "साई सदन साक्षी निवास" (Sai Sadan Sakshi Niwas) है, जो कि ग्राम कांकरदेही, सिहोरा रोड, मझौली में स्थित है, केवल स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) के पास बंधक (Mortgage) है। इसके अतिरिक्त यह संपत्ति किसी भी शासकीय, अशासकीय या अन्य किसी वित्तीय संस्थान में बंधक, प्रभारित, हस्तांतरित नहीं है तथा किसी भी प्रकार से विवादित नहीं है। यदि किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था या अन्य किसी को इस संपत्ति के संबंध में कोई भी आपत्ति (Objection), स्वत्व या दावा हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते और मोबाइल नंबर पर लिखित रूप में साक्ष्यों सहित सूचित करें। उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति या दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

भवदीय
हरेंद्र कुमार (एडवोकेट)
पता: 101, श्रीराम कॉम्पलेक्स
वीर सावरकर नगर गॉव नवघर
तालुका-वसई जिला पालघर 401202
मो. नं.- 8080801224

सीमा पर तनाव को लेकर चीन ने तोड़ी चुप्पी कहा- 'शांति और स्थिरता' बनाए रखें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच आमने-सामने की स्थिति की खबरों के बाद चीन ने प्रतिक्रिया दी है। चीनी विदेश मंत्रालय ने भारत से सीमा संबंधी समझौतों और सहमतियों को लागू करने तथा शांति और स्थिरता बनाए रखने की अपील की है। प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि दोनों देश राजनयिक और सैन्य माध्यमों से संपर्क में हैं। वहीं, भारत ने कहा है कि सीमा पर स्थिति तब बिगड़ती है, जब चीनी सैनिक गश्त के तय तरीकों का पालन नहीं करते। दोनों देश तनाव कम करने के लिए संवाद जारी रखे हुए हैं। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने गुरुवार को कहा था कि सीमा पर तैनात आईटीबीपी के शौर्य कमांडो ने इन परिस्थितियों से निपटने में बेहतर काम किया है। कपूर के बयान के बाद अरुणाचल प्रदेश में तनाव की स्थिति को लेकर चीन ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। उसने भारत से सीमा समझौतों को लागू करने और शांति व स्थिरता बनाए रखने की अपील की।

अरुणाचल में सैनिकों के बीच टकराव की स्थिति आए दिन बनती है...

- *भारत का आरोपः चीनी सैनिकों के गश्त के तय तरीकों से हटने पर बिगड़ती है स्थिति*
- *दोनों ही देश के बीच लंबित मुद्दों के समाधान के लिए बातचीत जारी रखे हुए हैं*
- *एलएसी की समझ बढ़ाने और गलत आकलन से बचने के उपायों पर चर्चा*

> चीन की अपीलः सीमा समझौतों का पालन करने और शांति व स्थिरता बनाए रखने पर दिया जा रहा जोर, आगे ही प्रयास होंगे

समझौतों और सहमतियों को बीजिंग सख्ती से करता है पालन : चीन


गुओ जियाकुन

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा, चीन ने दोनों देशों के बीच हुए समझौतों और अहम सहमतियों का लगातार और सख्ती से पालन किया है। उन्होंने कहा, चीन सीमा पर क्षेत्रीय संप्रभुता और स्थिरता बनाए रखने के लिए नियमित गश्त और प्रबंधन से जुड़ी गतिविधियां करता है। उन्होंने चीन-भारत सीमा पर एक बार फिर आमने-सामने की स्थिति बनने की खबरों पर यह बयान दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि ऐसी घटनाएं तब होती हैं, जब चीनी सैनिक गश्त के तय तरीकों से हटकर काम करते हैं। गुओ ने कहा, चीन और भारत राजनयिक और सैन्य माध्यमों से एक-दूसरे के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, चीन को उम्मीद है कि भारत भी इसी दिशा में काम करेगा। दोनों देश मिलकर आपसी सहमतियों को लागू करेंगे। साथ ही, सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाएंगे।

चीनी सेनाएं तय तरीकों का पालन नहीं करतीः

इससे पहले, भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चीन के साथ सीमा पर आमने-सामने की स्थिति के सवाल पर कहा था, जहां तक इस मामले की खास जानकारी का सवाल है, मैं आपको रक्षा मंत्रालय से संपर्क करने के लिए कहूंगा। जैसा कि हम पहले भी बता चुके हैं, भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में स्थिति समय-समय पर तब बिगड़ती है, जब चीनी सेनाएं गश्त के तय तरीकों का पालन नहीं करती हैं। उन्होंने आगे कहा, दोनों देश लंबित मुद्दों को सुलझाने और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गलतफहमी व गलत आकलन से बचने के लिए मौजूदा राजनयिक और सैन्य व्यवस्थाओं का इस्तेमाल जारी रखे हुए हैं। दोनों देश सीमा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए उपयुक्त क्षेत्रों में एलएसी की समझ बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए भी सहमत हुए हैं। मैं इस बात पर भी जोर देना चाहूंगा कि सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखना दोनों देशों के आपसी संबंधों के समग्र विकास के लिए जरूरी है।


जायसवाल

खबर संक्षेप

भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे राजनाथ

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 28-29 अक्टूबर को फिलीपींस के सेबू में होने वाली



आसियान रक्षा मंत्रियों की 13वीं बैठक (एडीएमएम-प्लस) में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। बैठक में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा होगी। भारत और मलेशिया 2024-2027 के लिए आतंकवाद-रोधी विशेषज्ञ कार्यसमूह की सह-अध्यक्षता कर रहे हैं।

ब्रह्मपुत्र में बढ़ सकता है बाढ़ का खतरा

चीन के शोधकर्ताओं ने इस सदी में ब्रह्मपुत्र नदी के जलप्रवाह में वृद्धि की आशंका जताई है, जिससे भारत



और बांग्लादेश में बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है। इस चेतावनी ने तिब्बत में चीन की प्रस्तावित 168 अरब डॉलर की मेगा बांध परियोजना के संभावित प्रभावों पर चिंता बढ़ा दी है। चीनी विज्ञान अकादमी और युन्नान विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पेड़ों के छल्लों के आंकड़ों के आधार पर 1325 से 2020 तक नदी के जलप्रवाह का ऐतिहासिक आकलन किया ।

राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में 2.12 लाख करोड़ के रक्षा सौदों को मंजूरी मिली

भारतीय सेना को मिलेंगे नए ड्रोन और एयर डिफेंस सिस्टम जिसमें 82% खरीद स्वदेशी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा क्षेत्र में भारत की सैन्य ताकत बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में 26 अक्टूबर को हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में करीब 2.12 लाख करोड़ रुपए के रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसमें आधुनिक तोप प्रणाली, हेलिकॉप्टर, एयर डिफेंस सिस्टम, निगरानी उपकरण और लंबी दूरी तक हमला करने वाले ड्रोन शामिल हैं। इन प्रस्तावों का मकसद तीनों सेनाओं की मारक क्षमता, निगरानी और हवाई सुरक्षा को मजबूत करना है। खास बात यह है कि कुल स्वीकृत स्वीकृति की आवश्यकता में से करीब 82 फीसदी खरीद भारतीय उद्योगों से की जाएगी।

भारतीय सेना के लिए हाई मोबिलिटी व्हीकल्स, सेल्फ-प्रोपेल्ड ट्रैक्ड गन सिस्टम, गन शॉट रिस्पॉन्स सिस्टम, लाइट मल्टी-रोल हेलिकॉप्टर, वेरी शॉर्ट-रेंज एयर डिफेंस सिस्टम और प्लेटफॉर्म-आधारित काउंटर अनमैन्ड एरियल सिस्टम की खरीद को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, अनमैन्ड एरियल सिस्टम (लॉन्ग रेंज), सर्विलांस , इंटीग्रेटेड सर्विलांस एंड स्ट्राइक सिस्टम और लॉन्ग रेंज कामिकेज ड्रोन सिस्टम भी इस सूची में शामिल हैं। इनसे सेना की निगरानी, लक्ष्य साधने और दुश्मन के हवाई खतरों से निपटने की क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

- **वायु सेना के परिचालन और हवाई निगरानी को सुदृढ़ बनाने के लिए कई प्रणालियों की मंजूरी दी गई**
- **स्पेशल यूटिलिटी हेलिकॉप्टर से हवाई परिवहन को सपोर्ट करने में बड़ा काम आएगा**

कठिन इलाकों में बढ़ेगी सेना की ताकत


राजनाथ सिंह

हाई मोबिलिटी व्हीकल्स कठिन इलाकों में आवाजाही और लॉजिस्टिक सपोर्ट को बेहतर बनाएंगे। सेल्फ-प्रोपेल्ड ट्रैक्ड गन सिस्टम मशीनीकृत इकाइयों को गतिशीलता और मारक क्षमता प्रदान करेगा। वहीं, एक फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में काम करेगा और बलों को वास्तविक समय में स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराएगा। इससे परिचालन के दौरान स्थिति का आकलन करने में मदद मिलेगी।



हेलिकॉप्टर और ड्रोन से मजबूत होगी निगरानी

लाइट मल्टी-रोल हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना दोनों करेंगी। इनका उपयोग टोही और निगरानी, युद्ध, सैनिकों की खोज और बचाव, मानवीय सहायता तथा आपदा राहत जैसे कार्यों में किया जाएगा। नई पीढ़ी के छोटे हवाई खतरों से निपटने में सक्षम होगा। वहीं आधुनिक युद्धक्षेत्र में टैंकों की सुरक्षा और उनके बचे रहने की क्षमता को बढ़ाएगा। निगरानी और ड्रोन सिस्टम सेना की निगरानी तथा लक्ष्य साधने की क्षमताओं को बेहतर बनाएंगे।

वायुसेना को हेलिकॉप्टर और आधुनिक नौसैन्य रडार

भारतीय वायु सेना के लिए हवाई सुरक्षा और युद्ध लड़ने की क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से हेलिकॉप्टरों, वायु रक्षा प्रणालियों, हथियारों और मोबाइल एक्स-बैंड डॉप्लर वेदर रडार सिस्टम की खरीद को मंजूरी दी गई है। स्पेशल यूटिलिटी हेलिकॉप्टर से वायुसेना की महत्वपूर्ण हवाई परिवहन जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। वहीं, एक्स-बैंड डॉप्लर वेदर रडार सिस्टम अग्रिम क्षेत्रों में उच्च-रिजॉल्यूशन वाली, स्थानीय मौसम निगरानी प्रदान करेगा।

नौसेना की युद्ध क्षमताओं और ताकत को बढ़ाने पर जोर

नौसेना की युद्ध क्षमताओं और जहाजों की सुरक्षा बढ़ाने पर जोर दिया गया है। इसके आधुनिक एंटी-शिप मिसाइलों के खिलाफ नौसैनिक जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक्टिव ऑफबोर्ड डिकॉय सिस्टम की खरीद को मंजूरी मिली है। वहीं स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित अन्य नौसैनिक प्लेटफॉर्मों के अधिग्रहण दी गई है।

82 फीसदी खरीद भारतीय उद्योगों से होगी

करीब 2.12 लाख करोड़ रुपये के इन प्रस्तावों में थलसेना, नौसेना और वायुसेना की अलग-अलग परिचालन जरूरतों को ध्यान में रखा गया है। कुल स्वीकृत आवश्यकता की स्वीकृति में से करीब 82% खरीद भारतीय उद्योगों से की जाएगी, जिससे घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। हालांकि, स्वीकृति की आवश्यकता रक्षा खरीद प्रक्रिया में शुरुआती मंजूरी होती है। इसका अर्थ यह नहीं है कि उपकरणों की खरीद पूरी हो गई है या उनकी डिलीवरी शुरू हो गई है।

फारूक अब्दुल्ला के बयान भड़के लोग कहा

माफी मांगें या पाकिस्तान चले जाएं एनएसए के तहत कार्रवाई की मांग

एजेंसी ▶▶ जम्मू



पाकिस्तान को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला के बयान के बाद सोमवार को जम्मू में उनके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन हुए। एक भाजपा सांसद ने उनसे कहा कि या तो वे भारत की जनता से माफी मांगें, या फिर पड़ोसी देश में जाकर रहने के बारे में सोचें। अब्दुल्ला ने बारामूला में एक बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों की रक्षा कर रहा है। इस बयान पर तीखी प्रतिक्रियाएं आईं और बीजेपी नेताओं तथा कई संगठनों ने उनकी गिरफ्तारी की मांग तक कर दी। अब्दुल्ला ने कहा, अगर आप अपनी पहचान नहीं बचाएंगे, तो आप मिट जाएंगे। हमारा नामो-निशान और पहचान तक खत्म हो जाएगी। कुछ भी नहीं बचेगा। वे आज इसलिए चुप हैं क्योंकि दुनिया में शोर है, और हमारा पड़ोसी देश लगातार इसके पीछे है। वे हर जगह कहते हैं कि कश्मीर को लेकर अभी फैसला नहीं हुआ है। यही बात हमें बचा रही है। वरना, उनके इरादे अच्छे नहीं हैं।

राष्ट्रीय बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, भारतीय जनता युवा मोर्चा, डोगरा फ्रंट और नेशनल एंटी-टेररिज्म फ्रंट ने अब्दुल्ला के खिलाफ मार्च निकाला और प्रदर्शन किया। उन्होंने नारे लगाए और अब्दुल्ला के पुतले जलाए। बीजेपी के राज्यसभा सांसद सत शर्मा ने मांग की कि अब्दुल्ला पूरे देश से माफी मांगें।

पाकिस्तान कश्मीरियों का शुभचिंतक कैसे?

भाजपा विधायक विक्रम रंधावा ने इस बयान को राष्ट्र-विरोधी करार दिया और कहा कि इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने अब्दुल्ला पर आरोप लगाया कि वे एक ऐसे देश के पक्ष में बोल रहे हैं, जिसने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और अशांति को बढ़ावा दिया है। जम्मू-कश्मीर बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष रविंदर रैना ने भी इस बयान की निंदा की। उन्होंने सवाल उठाया कि पाकिस्तान, जिस पर भारत ने बार-बार सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने का आरोप लगाया है, उसे जम्मू-कश्मीर के लोगों का शुभचिंतक कैसे कहा जा सकता है? उन्होंने भी अब्दुल्ला से माफी की मांग की। भाजपा नेता शक्ति राज परिहार ने भी इन बयानों की निंदा की और देशद्रोह के आरोप में एफआईआर दर्ज करने तथा अब्दुल्ला की गिरफ्तारी की मांग की।

14 साल से सत्ता पर काबिज राष्ट्रपति के गठबंधन को मिली हार

भ्रष्टाचार विरोधी 'स्टूडेंट लिस्ट' को 52% वोट

सर्बिया में छात्र आंदोलन की जीत वुसिक की पार्टी सत्ता से हुई बाहर

एजेंसी ▶▶ सर्बिया

भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू हुए छात्र आंदोलन ने सर्बिया की राजनीति में बड़ा बदलाव ला दिया है। शुरुआती चुनावी रुझानों के अनुसार, छात्र आंदोलन से उभरे 'स्टूडेंट लिस्ट' गठबंधन ने संसद में पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया है। वहीं, रूस समर्थक राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक के गठबंधन को हार का सामना करना पड़ा है।

वुसिक ने अपनी हार स्वीकार करते हुए माना कि विपक्षी गठबंधन अगली सरकार बनाने की स्थिति में है। स्वतंत्र मतदान एजेंसियों के शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, 'स्टूडेंट लिस्ट, स्टूडेंट्स विन' को


वुसिक

52 प्रतिशत यानी करीब 22 लाख वोट मिले, जबकि वुसिक के गठबंधन 'अलेक्जेंडर वुसिक यूनाइटेड सर्बिया' को 39.3 प्रतिशत यानी लगभग 17.2 लाख वोट हासिल हुए।

वुसिक ने अपनी हार के लिए स्वतंत्र मीडिया, कुछ यूरोपीय देशों के कथित हस्तक्षेप और अमेरिकी डीप स्टेट को जिम्मेदार ठहराया। छात्र आंदोलन की शुरुआत नवंबर 2024 में नोवी साद रेलवे स्टेशन की छत गिरने की घटना के बाद हुई थी। हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद सरकारी भ्रष्टाचार, लापरवाही और जवाबदेही की कमी के आरोपों को लेकर देशभर में प्रदर्शन शुरू हो गए।

छात्रों ने विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन और संस्थानों की नाकेबंदी कर सरकार पर दबाव बनाया। आंदोलन से जुड़े प्रमुख उम्मीदवार रादोमिर साइसिक ने इसे ऐतिहासिक जीत बताते हुए कहा कि यह डर पर साहस और निराशा पर उम्मीद की जीत है। छात्र आंदोलन की इस सफलता को युवा मतदाताओं की राजनीतिक भागीदारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ जनाक्रोश के बड़े संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

आईएनएस त्रिशूल सिविटावेकिया पहुंचा

भारतीय और इतालवी नौसेना ने किया संयुक्त समुद्री अभ्यास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईएनएस त्रिशूल इटली के सिविटावेकिया शहर पहुंचा है। बंदरगाह पहुंचने से पहले भारतीय नौसेना के जहाज ने इतालवी नौसेना के जहाज कार्लो मार्गोटिनी के साथ संयुक्त मार्ग अभ्यास (पासेक्स) किया। इसमें समन्वित युद्धाभ्यास, संचार, रसद आपूर्ति, कर्मियों का स्थानांतरण और जहाज पर चढ़ने संबंधी गतिविधियां शामिल रहीं।

अभ्यास से दोनों नौसेनाओं के बीच परिचालन समन्वय मजबूत हुआ और अनुभवों का आदान-प्रदान किया गया। बंदरगाह पर ठहराव के दौरान दोनों नौसेनाओं के



अधिकारियों के बीच पेशेवर बातचीत और सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी। जहाज को आम लोगों के अवलोकन के लिए भी खोला जाएगा। इस दौरान आगंतुकों को भारतीय नौसेना की समुद्री परंपराओं और क्षमताओं को जानने का अवसर मिलेगा। यह पहल भारत और इटली के बीच समुद्री सहयोग बढ़ाने तथा दोनों देशों की नौसेनाओं के संबंध मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

लैटिन अमेरिका में वामपंथी नेतृत्व की वापसी का संकेत

रूढ़िवादी प्रतिद्वंद्वी को दी कड़ी मात

ब्राजील में लूला की फिर जीत, ट्रंप के करीबी बोल्सोनारो को हराया

एजेंसी ▶▶ ब्रासीलिया

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा रविवार को हुए राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे दौर (रनऑफ) में रूढ़िवादी प्रतिद्वंद्वी फ्लावियो बोल्सोनारो को हराकर फिर से चुन लिए गए हैं। देश के चुनाव प्राधिकरण ने यह घोषणा की, जिससे लैटिन अमेरिका की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वामपंथी नेतृत्व के अधीन बनी रहेगी। स्थानीय मीडिया के अनुसार, 78% से अधिक वोटों की गिनती के बाद लूला 51.21% वोटों के साथ आगे चल रहे थे, जबकि बोल्सोनारो को 48.79% वोट मिले थे। चुनाव प्राधिकरण द्वारा लूला की जीत की


बाएं से बोल्सोनोरे और लूला

पुष्टि करने से पहले ही पोलस्टर डेटाफोलहा ने उनकी जीत का अनुमान लगा लिया था। यह परिणाम लैटिन अमेरिका में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के सहयोगियों के लिए एक बड़ा झटका है। बोलसोनारो की जीत ब्राजील में दक्षिणपंथी झुकाव को दर्शाता। वहीं, लूला की जीत का मतलब है कि अब ब्राजील और मेक्सिको दोनों देशों में वामपंथी विचारधारा वाले नेता हैं। सीनेटर फ्लावियो बोलसोनारो ने वॉशिंगटन के साथ करीबी रिश्ते बनाने के मुद्दे पर चुनाव प्रचार किया था। उन्होंने ट्रंप प्रशासन के साथ बेहतर समझौते करने का वादा भी किया था। लूला ने ब्राजील के प्रति अमेरिकी नीतियों की आलोचना की थी। इनमें ब्राजीलियाई निर्यात पर लगाए गए शुल्क और नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले समूहों को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित करने जैसे मुद्दे शामिल थे। यह मुकाबला दो बिल्कुल विपरीत राजनीतिक खेमों के बीच था। इनके बीच अमेरिका के संबंधों, अपराध, जलवायु और सामाजिक कल्याण जैसे मुद्दों पर गहरे मतभेद थे।

मिसाइल हमले में हुई थी मौत

अब दो महीने बाद भारत आएगा यूक्रेन में मारे गए सुदर्शन का शव

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

यूक्रेन में रूसी मिसाइल हमले में मारे गए तेलंगाना निवासी अविलाला



सुदर्शन गौड़ का पार्थिव शरीर 31 अक्टूबर तक भारत पहुंचने की उम्मीद है। उनकी पत्नी वी. भार्गवी पिछले दो महीने से शव वापस लाने के लिए सरकारी अधिकारियों से गुहार लगा रही थीं। मुख्यमंत्री के प्रवासी प्रजावाणी कार्यक्रम में शिकायत के बाद प्रक्रिया तेज हुई।

42 वर्षीय सुदर्शन एक मई को रोजगार के लिए यूक्रेन गए थे। वह कीव में एक निर्माण कंपनी में काम कर रहे थे। एक सितंबर को हुए ड्रोन-मिसाइल हमले में 13 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें सुदर्शन भी शामिल थे। परिजनों के मुताबिक, कंपनी ने हादसे की सूचना दी, लेकिन शव भारत लाने की व्यवस्था नहीं की। भारतीय दूतावास ने पार्थिव शरीर वापस लाने में करीब छह लाख रुपये खर्च आने की जानकारी दी थी। सुदर्शन परिवार की आर्थिक जरूरतें पूरी करने के लिए विदेश गए थे। उनकी दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी कॉलेज में पढ़ती है, जबकि छोटी इंटरमीडिएट के दूसरे वर्ष में है। वह अपनी गंभीर रूप से बीमार मां के इलाज का खर्च भी उठा रहे थे।

इजराइल के प्रधानमंत्री ने फिर दी हमले की चेतावनी

नेतन्याहू ने संभावित हमले की आशंका जताई सेना को बताया तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान को युद्ध से रोकने में जुटे तीन देश, तेहरान पहुंचे सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये के प्रतिनिधि

ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच फिर से बड़े सैन्य संघर्ष की आशंका के बीच सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये ने कूटनीतिक प्रयास तेज कर दिए हैं। तीनों देशों के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को तेहरान में ईरानी अधिकारियों से मुलाकात की। बातचीत का उद्देश्य क्षेत्रीय तनाव कम करना, संभावित युद्ध टालना और ईरान-अमेरिका के बीच समझौते की राह तलाशना है।

यह पहल ऐसे समय में हुई है, जब दोनों पक्षों के बीच बयानबाजी तेज है और क्षेत्र में सैन्य टकराव की आशंका बनी हुई है। सऊदी अरब के रक्षा मंत्री खालिद बिन सलमान, पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और तुर्किये की खुफिया एजेंसी के प्रमुख ने ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों और वार्ताकारों से बातचीत की। बैठक में अमेरिका और ईरान के बीच संवाद आगे बढ़ाने के उपायों पर चर्चा हुई।

अधिकारियों के मुताबिक, यमन में जारी युद्ध और ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के सऊदी अरब पर हमलों का मुद्दा भी उठा। संबंधित अधिकारियों ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर यह जानकारी दी।

ईरान के एक अधिकारी ने भी प्रतिनिधिमंडलों के तेहरान पहुंचने की पुष्टि की। सऊदी अरब ने बयान जारी कर कहा कि इन बैठकों से क्षेत्रीय तनाव कम करने, सुरक्षा मजबूत करने और स्थिरता को बढ़ावा देने के उपाय तलाशने की उम्मीद है।

> ईरान ने कहा, कूटनीति के रास्ते खुले हैं लेकिन आत्मसमर्पण की शर्त मंजूर नहीं

ईरान बोला- कूटनीति के रास्ते खुले



- *यूएस समझौते की राह तलाशने पर जोर, यमन युद्ध और हूती विद्रोहियों के हमलों पर भी हुई चर्चा*

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सप्ताहांत में कहा कि तेहरान ने कूटनीति के रास्ते बंद नहीं किए हैं। मध्यस्थों के जरिए अमेरिका तक संदेश पहुंचाए जा रहे हैं। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से रुकी बातचीत के बावजूद अमेरिका अपनी एकतरफा मांगें थोपने पर अड़ा है। बघाई ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अन्य अधिकारी बार-बार ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसका आशय ईरान के पूर्ण आत्मसमर्पण से है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान ऐसी शर्तें स्वीकार नहीं करेगा।

नेतन्याहू ने दी कड़े प्रहार की चेतावनी

इस बीच, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को ईरान को लेकर चेतावनी दोहराई। उन्होंने खुफिया जानकारी का हवाला देते हुए आशंका जताई कि ईरान या उसके समर्थित संगठन चुनावों में बाधा डालने के लिए मतदान से पहले हमला कर सकते हैं। वीडियो बयान में नेतन्याहू ने कहा कि इजराइली सेना बचाव और हमले, दोनों के लिए तैयार है। उन्होंने चेतावनी दी कि विरोधियों को ऐसे जोरदार प्रहार झेलने पड़ सकते हैं, जिनकी वे कल्पना भी नहीं कर सकते। ईरान और अमेरिका के बीच मांगों को लेकर मतभेद तथा इजराइल की सख्त चेतावनियों के बीच क्षेत्रीय तनाव कम करना बड़ी चुनौती बना हुआ है। ऐसे में बातचीत आगे बढ़ने की उम्मीद है।



कबीर का बेटा बना डायरेक्टर 23 साल की उम्र में किया डेब्यू

मुंबई। बजरंगी भाईजान और ट्यूबलाइट जैसी फिल्में बनाने वाले डायरेक्टर कबीर खान के बेटे विवान खान ने 23 साल की उम्र में अपना डेब्यू कर लिया है। पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए उन्होंने निर्देशन में ही अपने कॅरियर की शुरुआत की है। उन्होंने इंस्टाग्राम सीरीज के माध्यम से अपना सफर शुरू किया है जिसका नाम प्रोजेक्ट प्लस 91 है। इसके जरिए उन्होंने देश की विभिन्न संस्कृति और सभ्यताओं को अपने कैमरे में कैद किया है। इस सीरीज के जरिए उन्होंने देश के अलग-अलग कोने में भ्रमण किया है और वहां की संस्कृति को अपने कैमरे में कैद किया है। उनकी या पेज और तस्वीरें चर्चा में आई हैं जो भारत देश के वर्सेटाइल कल्चर की एक अद्भुत झलक हैं।

लाइफ Style

नयनतारा

'जेलर 2' की जबरदस्त सफलता के बीच रजनीकांत के फैंस को एक और सरप्राइज मिला है। अब रजनीकांत, कमल हासन द्वारा निर्मित फिल्म 'धर्मन' में नजर आएंगे और फिल्म में उनके साथ नयनतारा भी नजर आएंगी।

धर्मन में रजनीकांत के साथ आएंगी नजर

मुंबई। मेकर्स ने एक नए पोस्टर के साथ उनके शामिल होने की घोषणा की। साउथ सिनेमा की लेडी सुपरस्टार नयनतारा, रजनीकांत की अपकमिंग फिल्म 'धर्मन' की कास्ट में शामिल हो गई हैं। इस फिल्म के जरिए पांच साल बाद नयनतारा सुपरस्टार रजनीकांत के साथ स्क्रीन पर नजर आएंगी। इससे पहले रजनीकांत के साथ लेडी सुपरस्टार 2021 की फिल्म 'अन्नाथे' में साथ दिखाई दी थीं और अब एक बार फिर दोनों साथ नजर आने वाले हैं और इस खबर ने इन दोनों सुपरस्टार्स के फैंस को खुश कर दिया है। अश्वथ मारिमुथु द्वारा लिखित और निर्देशित, यह तमिल मेडिकल ड्रामा का ऐलान 'थलाइवर 173' के नाम से किया गया था, इसे कमल हासन प्रोड्यूस किया जा रहा है। निर्माताओं ने रविवार, 25 अक्टूबर 2026 को सोशल मीडिया पर एक पोस्टर शेयर करके नयनतारा को कास्ट किए जाने की घोषणा की। मेकर्स ने हाल ही में 'धर्मन' की कास्टिंग से जुड़ी जानकारी साझा की। 'राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल' ने एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्टर जारी किया, जिसमें रजनीकांत और नयनतारा की परछाइयां दिखाई दे रही हैं। दोनों एक-दूसरे की तरफ देखते हुए एक बड़ी कांच की खिड़की के सामने खड़े नजर आ रहे हैं। खिड़की से आती सुनहरी धूप एक शानदार 'बैकलिट' इफेक्ट पैदा कर रही है, जिससे दोनों कलाकारों की छाया दिखाई देती है।



हॉलीवुड मसाला



70 साल के बुज़ुर्ग के रूप में आए नजर

लॉस एंजिल्स। 'द रॉक' के नाम से मशहूर हॉलीवुड स्टार ड्वेन जॉनसन अपने दमदार शरीर और एक्शन अवतार के लिए सुर्खियों में बने रहता हैं। लेकिन, इस बार उनका ऐसा लुक सामने आया है, जिसे देखकर फैंस के लिए उन्हें पहचानना मुश्किल हो गया। अपनी अपकमिंग फैंटेसी एडवेंचर फिल्म 'लिजर्ड म्यूजिक' में ड्वेन 70 साल के एक बूढ़े व्यक्ति के किरदार में नजर आएंगे। जबकि उनकी असली उम्र 54 साल है।



बग्स बनी और डैफी डक को दी अपनी आवाज

लॉस एंजिल्स। मशहूर वॉयस आर्टिस्ट एरिक बाउजा का 46 साल की उम्र में अचानक निधन हो गया है। वह लोकप्रिय कार्टून किरदार बग्स बनी और डैफी डक को अपनी आवाज देने के लिए जाने जाते थे। एरिक बाउजा के परिवार ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी कर उनके निधन की पुष्टि की। बयान में बताया गया कि एरिक एमी अवॉर्ड जीतने वाले वॉयस आर्टिस्ट थे। उन्होंने लूनी ट्यून्स के कई मशहूर किरदारों को अपनी आवाज दी थी। उनके अचानक चले जाने से उनके चाहने वालों को बड़ा झटका लगा है। एरिक को हाल ही में फिल्म कोयोट वर्सेज एक्मे में भी सुना गया था। उन्होंने अपने करियर में कई ऐसे कार्टून किरदारों को आवाज दी, जिन्हें दुनियाभर के दर्शक पसंद करते हैं। एरिक बाउजा का नाम लूनी ट्यून्स के साथ खास तौर पर जुड़ा रहा।



'बैचलर पार्टी डीयू' में पॉली के रोल में दिखेंगी ज्योतिर्मयी

नई दिल्ली। मलयालम सिनेमा के मशहूर डायरेक्टर अमल नीरद की नई फिल्म 'बैचलर पार्टी डीयू' को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। अब मेकर्स ने फिल्म से जुड़ी एक और बड़ी अपडेट शेयर कर दी है। फिल्म में एक्ट्रेस ज्योतिर्मयी के कैरेक्टर नेम का खुलासा हो गया है। वह इस फिल्म में 'पॉली' के किरदार में नजर आने वाली हैं। डायरेक्टर अमल नीरद ने सोशल मीडिया पर उनका पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'ज्योतिर्मयी इज पॉली'। यह फिल्म साल 2012 में आई सुपरहिट फिल्म 'बैचलर पार्टी'का सीक्वल है। फिल्म में एक से बढ़कर एक कलाकारों की पूरी फौज नजर आने वाली है।प्रेमलु फिल्म से फेमस हुए एक्टर नसलेन इस मूवी में लीड रोल में हैं। मेकर्स ने ज्योतिर्मयी के अलावा कई और स्टार्स के कैरेक्टर नेम भी रिवील कर दिए हैं। नादिया मोइदू फिल्म में अन्ना मैथ्यूज का रोल प्ले कर रही हैं, जबकि रजीशा विजयन सिंपल के किरदार में दिखेंगी।



अनुष्का-विराट कान्हा की भक्ति में हुए लीन, भजन पर झूमे

मुंबई। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने हाल ही में मुंबई में आयोजित कृष्णा दास के कीर्तन में शामिल हुए। कपल साथ-साथ भक्ति गीतों पर डूबे नजर आए। कृष्णा दास कीर्तन से कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें उन्हें कान्हा की भक्ति में डूबे देखा जा सकता है। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली कोहली बॉलीवुड और क्रिकेट इंडस्ट्री के पावर कपल्स में से एक हैं। हाल ही में ये दोनों मुंबई में अमेरिकी संगीतकार और गायक कृष्णा दास के लाइव कीर्तन में भक्ति संगीत का आनंद लेते देखे गए। इस कार्यक्रम से विराट-अनुष्का की कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं, जिनमें दोनों को कान्हा की भक्ति में लीन देखा जा सकता है। सोशल मीडियापर शेयर किए गए वीडियो में, अनुष्का और विराट को एक साथ भक्ति संगीत का आनंद लेते हुए देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में अनुष्का और विराट एक-दूसरे के बगल में बैठे हुए संगीत की धुन पर झूमते नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला



साई ने 'सीता मां' के सवाल पर दिया दिल खुश करने वाला जवाब

नई दिल्ली। रामायण की स्टार कास्ट रणबीर कपूर, साई पल्लवी और रवि दुबे हाल में अमिताभ बच्चन के शो 'कौन बनेगा करोड़पति के सेट पर पहुंचे थे। यहां साई पल्लवी ने एक सवाल का ऐसा जवाब दिया जिसे सुनकर अमिताभ भी प्रभावित हो गए। नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'रामायण' अगले हफ्ते थिएटर में दस्तक देने वाली है। फिल्म रिलीज से पहले स्टार कास्ट इसके प्रमोशन में बिजी हैं। अमिताभ बच्चन ने शो पर पहुंचे रणबीर, साई और रवि से सवाल करते हुए पूछा कि जब निर्माता-निर्देशक ने उन्हें फिल्म में उनके किरदारों के बारे में बताया तो उनके दिमाग में क्या चल रहा था और कैसे तैयारी की। इसके बाद अमिताभ ने मुस्कुराते हुए कहा 'लेडीज फर्स्ट'। साई पल्लवी ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जब उन्हें पता चला कि वो सीता मां का किरदार निभाने वाली हैं तो उन्होंने कुछ नहीं सोचा। उन्होंने कहा कि वो हमेशा कोई भी किरदार निभाने से पहले ये सोचती हैं कि वो इस किरदार में अपना क्या जोड़ सकती हैं।

बिना नाम लिए काशवी ने मांगी माफी

नई दिल्ली। रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' में स्काउट ओपी उर्फ तन्मय और लव गिल के बीच अच्छी बॉन्डिंग देखने को मिली। वैसे तो स्काउट ने शो में कहा कि वे लव को अपनी बहन मानते हैं। मगर, कुछ एपिसोड में दोनों के बीच ऐसी चीजें देखने को मिली, जिसके बाद उनके रिश्ते पर सवाल उठने लगे। स्काउट की गर्लफ्रेंड काशवी भी इससे असहज और आहत हुईं और बीते दिन शो में आकर उन्होंने स्काउट और लव दोनों की क्लास लगा दी। इसके बाद काशवी ने सफाई दी है। उन्होंने अपनी कही बातों पर खेद जताया है। काशवी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट लिखा है। काशवी ने लिखा है, 'मेरा इरादा स्काउट से बात करना था। उसकी गलतियों को बताना था, जो मुझे लगा कि उसने की हैं। उसके कामों के लिए उसे जिम्मेदार ठहराना था।



बेपरवाह का फर्स्ट लुक आउट

शरवरी संग इश्क लड़ाएंगे अहान

मुंबई। अहान पांडे ने मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा'से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म को दर्शकों का इतना प्यार मिला का फिल्म ब्लॉकबस्टर बन गई। तभी से फैंस अहान को फिर से स्क्रीन पर देखने के लिए बेताब थे। अब फैंस का इंतजार खत्म होने वाला है। अहान जल्द ही यश राज की फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वो शरवरी वाघ के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। मेकर्स ने फिल्म का टाइटर और पहला पोस्टर भी जारी कर दिया है। फिल्म का नाम 'बेपरवाह'है, जिसका निर्देशन अली अब्बास जफर कर रहे हैं, जबकि आदित्य चोपड़ा इसके निर्माता हैं। ये एक रोमांटिक एक्शन-ड्रामा फिल्म है। । फिल्म 26 मार्च को सिनेमाघरों में रीलीज होगी। फिल्म के पहले पोस्टर से इसकी कहानी में रोमांस और एक्शन का मेल देखने को मिल रहा है। पोस्टर के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान हो गया है। पोस्टर में अहान के हाथ में बंदूक है, जबकि शरवरी गिटार पकड़े नजर आ रही हैं। दोनों के चेहरे पोस्टर में नहीं दिखाए गए हैं। इससे मेकर्स ने फिलहाल उनके लुक को छिपाकर रखा है। पोस्टर के साथ डायलॉग भी सुनाई दे रहा है, जिसमें अहान की आवाज में सुनाई दे रहा है- 'बेपरवाह है इश्क, क्या करूं? बेपरवाह, बेइंतहा करूं, कोई भी आए तो सब तबाह, तबाह, तबाह कर दूं।' बेपरवाह में अहान और शरवरी पहली बार साथ काम कर रहे हैं। बता दें कि यशराज फिल्म्स के साथ ये अहान की दूसरी फिल्म है। इससे पहले यशराज फिल्म्स की फिल्म सैयारा से अपना एक्टिंग डेब्यू कर चुके हैं, जिसे मोहित सूरी ने डायरेक्ट किया था। इस पोस्टर पर अहान पांडे की रुमर्ड गर्लफ्रेंड और सैयारा एक्ट्रेस अनीत पड्डा का रिएक्शन भी आया। एक्ट्रेस ने कमेंट कर लिखा- बेस्ट ऑफ बेस्ट! बहुत ज्यादा एक्साइटेड हूं! इस फिल्म के जरिए अली अब्बास जफर भी यशराज फिल्म्स के साथ वापसी कर रहे हैं। इससे पहले वह इस बैनर के साथ सुल्तान और टाइगर जिंदा है जैसी हिट फिल्मों में काम कर चुके हैं। वैसे तो फिल्म को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं है। लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की कास्ट में बेबी देओल भी शामिल हो गए हैं।



रामायण के चलते नागार्जुन ने टाली 'इटलु अर्जुन' की रिलीज

नई दिल्ली। डायरेक्टर महेश उप्पला की अपकमिंग रोमांटिक एंटरटेनर फिल्म 'इटलु अर्जुन'की रिलीज डेट टल गई है।फिल्म में अनीश और अनस्वरा राजन लीड रोल में नजर आएंगे। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि फिल्म अब 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रीलीज नहीं होगी। हालांकि, नई रिलीज डेट का ऐलान जल्द किया जाएगा। फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे प्रोडक्शन हाउस व्हाट नेक्स्ट एंटरटेनमेंट्स ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर रिलीज टलने की जानकारी दी। मेकर्स ने लिखा, 'हमें यह बताते हुए अफसोस हो रहा है कि 'इटलु अर्जुन' तय योजना के मुताबिक 30 अक्टूबर को रिलीज नहीं होगी। बता दें देशभर में 5 नवंबर को रामायण भी रिलीज हो रही है। ऐसे में एक कारण रणबीर कपूर की फिल्म भी हो सकती है, जिसका देश ही नहीं विदेशों में भी खूब बोल-बोला देखने को मिल रहा है। नई रिलीज डेट का ऐलान बहुत जल्द किया जाएगा। तब तक हम इस युवा टीम के लिए आपके प्यार और सपोर्ट की उम्मीद करते हैं। भरोसा रखिए, अर्जुन का प्यार सिनेमाघरों में दोगुने धमाके के साथ सुनाई देगा। मेकर्स ने अपनी पोस्ट में आगे बताया कि फिल्म को तेलुगु स्टार नागार्जुन प्रस्तुत कर रहे हैं, जबकि इसका म्यूजिक एस. थमन ने तैयार किया है। हालांकि, रीलीज टलने की वजह का खुलासा नहीं किया गया है।'इटलु अर्जुन'को मशहूर डायरेक्टर वेंकी कुदुमुला अपने प्रोडक्शन हाउस व्हाट नेक्स्ट एंटरटेनमेंट्स के बैनर तले प्रोड्यूस कर रहे हैं। वहीं, तेलुगु सिनेमा के स्टार नागार्जुन इस फिल्म को प्रस्तुत कर रहे हैं. फिल्म के जरिए महेश उप्पला बतौर डायरेक्टर डेब्यू कर रहे हैं, जबकि अनीश हीरो के तौर पर अपनी पहली फिल्म से दर्शकों के सामने आएंगे। फिल्म में अनस्वरा राजन फीमेल लीड रोल में हैं।



सस्पेंस से लेकर कॉमेडी और एक्शन तक पिटेगा 'ढिंढोरा'

इस हफ्ते ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। नया वीक शुरू हो गया है। नई फिल्में और सीरीज दस्तक देंगी। इस हफ्ते दर्शकों को पारिवारिक मनोरंजन देखने को मिलेगा। इसके अलावा कॉमेडी का डोज मिलेगा। साथ ही हॉरर और रोमांस का भी तड़का लगने वाला है।



ढिंढोरा सीजन 1: भुवन बाम की हिट कॉमेडी सीरीज 'ढिंढोरा' सीजन 1 अक्तूबर के आखिरी वीक में स्ट्रीम होने को तैयार है। बता दें कि यह चर्चित सीरीज साल 2021 में भुवन बाम के यूट्यूब चैनल पर मुफ्त रिलीज हुई थी। अब 28 अक्टूबर से यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

बत्था : सुपरस्टार विजय सेतुपति की फिल्म 'बत्था' भी इस वीक ओटीटी पर आ रही है। नेटफ्लिक्स पर यह 29 अक्टूबर से स्ट्रीम होगी। बता दें कि यह फिल्म पहली अक्टूबर को थिएटर्स में सजी थी। एक महीने से भी कम वक्त में यह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आ रही है। 'बत्था' को तमिल, तेलुगु, कन्नड़, हिंदी और मलयालम भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

मीठे में क्या है: अगर आपको फैमिली ड्रामा से भरपूर किसी फिल्म का इंतजार है, जिसे आप फेस्टिव सीजन में परिवार के साथ बैठकर देख सकें, तो यह शानदार विकल्प है। 'मीठे में क्या है' इस वीक ओटीटी पर धमाका करेगी। इसमें संयुक्त परिवार और उनके बीच के चैलेंज और सपोर्ट सिस्टम को बखूबी दिखाया गया है। यह फिल्म 30 अक्टूबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। बात करें कास्ट की तो राधिका बंसल निर्देशित फिल्म में ऋत्विक भौमिक, रोहिणी हट्टंगड़ी और आयशा रजा मिश्रा जैसे सितारे हैं।

इमोर्टल : यह एक तमिल भाषा की हॉरर-रोमांटिक फिल्म है, जो 04 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें जी.वी. प्रकाश कुमार, कायादु लोहार और टी.एम. कार्तिक अहम भूमिका में हैं। अब यह ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म 30 अक्टूबर से सोनी लिव पर स्ट्रीम होगी। ओटीटी पर यह तमिल के अलावा हिंदी, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में भी उपलब्ध होगी।

अक्का: कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे स्टारर गैंगस्टर सीरीज 'अक्का' भी इस वीक को खास बनाएगी। यह 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित गैंगस्टर ड्रामा है। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी 'अक्का' से धर्मराज शेट्टी निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। उन्होंने ही इसकी कहानी भी लिखी है। इसकी कहानी पेरनुरु नाम की एक रियासत में सेट है, जिसे कई पीढ़ियों की महिलाओं ने बनाया, चलाया और सुरक्षित रखा है। परंपराएं, सत्ता की लड़ाई और आपसी दुश्मनी इसकी कहानी का अहम हिस्सा हैं। 'अक्का' का प्रीमियर 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होगा।

अवराचन एंड संस

बिजू मेनन की यह मलयालम फैमिली कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। बिजू मेनन के अलावा इसमें श्रीनाथ भासी, गणपति एस. पोदुवाल और ग्रेस एंटनी भी अहम भूमिकाओं में हैं।